भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
# MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 17.08.2024

## आरेडिका में कोलकाता की महिला डाक्टर के रेप एवं हत्या का विरोध प्रदर्शन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 17.08.2024 को महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती डा0 अंजना खरे के नेतृत्व में महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं ने कोलकाता घटना पर गहरा रोष व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन किया जिससे पीड़िता और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृति को रोकने के लिए महिला सुरक्षा हेतु कठोर कानून बनाने के लिए सरकार से अपील की ।

ज्ञात हो कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में एक महिला डाक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान दिनांक 09.08.2024 को रेप किया गया एवं बाद में नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से कोलकता के छात्र पीड़िता को न्याय दिलाने लिए लगातार आन्दोलन कर रहे और देश भर में इस घटना के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सकें। इसी कड़ी में आज आरेडिका में यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों, सदस्याओं एवं कॉलोनी की महिलाओं ने सहभागिता की।

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी